# OFFICE OF THE DIRECTOR
# CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY
# SHREE SADASHIVA CAMPUS,PURI(ODISHA)

Notification No. 267 Date:10.08.23

**REMINDER-2**

**As per Co-ordinator, Central Sanskrit University, New Delhi E.mail it is once again remaind to all the Head of the Schools, Co-ordinators, faculty members and Class teacher I/cs that the students/Research scholars of their concerned Deptt./class are directed to register their names 'ONLINE SANSKRIT OLAMPAID" compulsorily and attend the examination , which will be held online on 03.09.23.**

**This one is strictly instructions of Hon'ble Vice Chancellor, CSU, New Delhi during his meeting held on 03.08.23.The xerox copy of remainder E.Mail letter enclosed herewith for information and necessary action.**

**This one is strictly adhered to.**

10-8-23

DIRECTOR I/C

DIRECTOR
CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY
SHREE SADASHIVA CAMPUS, PURI (ODISHA)

**Encl:- Xerox copy as above**

1. **Copy to Prof.V.P.Kachhwah, Convener,Sanskrit Olampiad, CSU,SSC,Puri.**
2. **All Faculty members, CSU,SSC,Puri.**
3. **All Notice Boards/Books/Campus website for wide circulation.**

**NB: - Circulate the same to all faculty members**

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

## ऑनलाइन संस्कृत ओलम्पियाड



संस्कृत प्रेमी मित्रों एवं प्रिय विद्यार्थियों !

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से हार्दिक अभिवादन।

प्रथम ऑनलाइन संस्कृत ओलम्पियाड में आपका हार्दिक स्वागत है। आज सम्पूर्ण भारत के साथ-साथ विदेशों में भी लाखों छात्र संस्कृत का अध्ययन कर रहे हैं। सभी की आकांक्षा है कि संस्कृत भाषा का शिक्षण-परीक्षण और अधिक रोचक एवं आकर्षक हो। इसी आकांक्षा को पूरा करने का एक छोटा सा प्रयास है - संस्कृत ओलम्पियाड। इस प्रयास में आपकी उत्साहपूर्ण सक्रिय भागीदारी अत्यावश्यक है।



### हमारा उद्देश्य

कक्षा शिक्षण के साथ साथ ऑनलाइन खेल के माध्यम से भी संस्कृत भाषा का शिक्षण और परीक्षण सर्वसुलभ हो सके, इसके लिए व्यापक स्तर पर वार्षिक आयोजन के रूप में छात्रों को संस्कृत-ओलम्पियाड का मंच उपलब्ध

### हमारा लक्ष्य

नवाचार एवं रोचकता के साथ सरल एवं मानक संस्कृत को जन-जन की भाषा बनाना।

### ऑनलाइन संस्कृत ओलम्पियाड का कार्यक्रम विवरण

| प्रक्रिया | दिनांक तथा अन्य विवरण |
|---|---|
| 1. पंजीकरण हेतु वेबसाइट | www.sanskritolympiad.in (08 जुलाई, 2023 से शुभारम्भ) |
| 2. पंजीकरण आरम्भ दिनांक | 10 जुलाई, 2023 |
| 3. पंजीकरण अन्तिम दिनांक | 27 अगस्त, 2023 |
| 4. ऑनलाइन परीक्षा दिनांक | 03 सितम्बर, 2023 (रविवार) |
| 5. ऑनलाइन परीक्षा समय | |
| * कक्षा 06 से 12 | प्रात: 10:00 से 11:15 बजे तक |
| * स्नातक एवं स्नातकोत्तर | सायं 04:00 से 05:00 बजे तक |
| 6. परिणाम उद्घोषणा | 14 सितम्बर, 2023 |

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विजेता प्रतिभागियों का पुरस्कार समारोह 16 अक्टूबर, 2023*

* (दिनांक में परिवर्तन सम्भव)

### परीक्षण की प्रक्रिया

प्रतिभागी को अपने कक्षा स्तर के प्रश्नपत्र में 60 पूर्णांक वाले 60 बहुविकल्पात्मक प्रश्न हल करने होंगे। प्रत्येक सही उत्तर पर 01 अंक मिलेगा। गलत उत्तर पर अंक हानि नहीं होगी। प्रतिभागी को चाहिए कि वो सभी प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करे। निर्धारित समय पूर्ण होते ही प्रश्नपत्र स्वत: समर्पित हो जाएगा।

### कृपया ध्यान दें

कक्षा स्तर के अनुसार ही पंजीकरण करें। (त्रुटिपूर्ण आवेदन की पुरस्कार पात्रता स्वतः निरस्त हो जाएगी।) User ID तथा Password के लिए पंजीकरण के समय मोबाइल नम्बर ठीक से अंकित करें। प्राप्त User ID तथा Password द्वारा 03 सितम्बर, 2023 को अपने कक्षा स्तर के निर्धारित समय से 15 मिनिट पूर्व www.sanskritolympiad.in पर Login करें।

### कैसे प्रतिभाग करें?

www.sanskritolympiad.in वेबसाइट द्वारा प्रतिभागी को संस्कृत ओलम्पियाड में प्रतिभाग करने के लिए पंजीकरण करना होगा। एतदर्थ अधोलिखित रूप से ऑनलाइन शुल्क देना होगा -

| क्र.सं. | कक्षा-स्तर | ऑनलाइन शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | कक्षा 06 से 08 | 10/- (दस रूपये मात्र) |
| 2. | कक्षा 09 से 12 | 20/- (बीस रूपये मात्र) |
| 3. | स्नातक स्तर (शास्त्री, B.A., शिक्षाशास्त्री, B.Ed. इत्यादि) | 40/- (चालीस रूपये मात्र) |
| 4. | स्नातकोत्तर स्तर (आचार्य, M.A., M.Ed., विद्यावारिधि Ph.D. आदि) | 40/- (चालीस रूपये मात्र) |

* शुल्क जमा होने के बाद ही पंजीकरण पूर्ण होगा।

### पाठ्यक्रम

(पाठ्यसामग्री की पीडीएफ वेबसाइट पर उपलब्ध)

1. कक्षा 06 से 08 - प्रथमा दीक्षा (वाक्य व्यवहार), रुचिरा पाठ्यपुस्तक की 08 कथाएं, नीतिशतक के 15 श्लोक एवं मानसिक योग्यता
2. कक्षा 09 से 12 - द्वितीया दीक्षा प्रथम खण्ड, शेमुषी एवं भास्वती पाठ्यपुस्तक की 09 कथाएं, रामायण एवं महाभारत का सामान्य परिचय एवं मानसिक योग्यता
3. स्नातक स्तर - द्वितीया दीक्षा का द्वितीय खण्ड, भगवद्गीता का 12वां अध्याय, द्वितीया दीक्षा प्रथम खण्ड के कारक सुभाषित तथा संस्कृत सामान्य ज्ञान एवं मानसिक योग्यता
4. स्नातकोत्तर स्तर - तृतीया दीक्षा (संक्षेपरामायणम्), संस्कृत वाङ्मय परिचय, संस्कृत सामान्य ज्ञान एवं अनुसन्धान पद्धति परिचय

### मूल्यांकन हेतु आधार

राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक प्राप्तांक वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्राप्तांक समान आने की स्थिति में अपेक्षाकृत अल्पावधि में उत्तर देने वाले प्रतिभागी को वरीयता दी जाएगी।

राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार-(प्रत्येक कक्षा स्तर पर)

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹ 11,000/- |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹ 7,000/- |
| तृतीय पुरस्कार | ₹ 5,000/- |



पुरस्कार से सम्बद्ध अन्य विवरण -

- * शिक्षा संस्था तथा राज्य के स्तर पर भी प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार।
- * शिक्षा संस्था से 100 से अधिक छात्रों का पंजीकरण होने पर शिक्षासंस्था/सम्बद्ध शिक्षक को भी सारस्वत उपहार।
- * सभी प्रतिभागियों को मेल द्वारा ई-प्रमाणपत्र। (जिन अभ्यर्थियों के पास ई-मेल न हो, वे वाट्सअप संख्या से ही पंजीकरण करें)

शिक्षा संस्थाएं अधिक संख्या में पंजीकरण के लिए छात्र सूची एवं अन्य विवरण के साथ संस्कृत ओलम्पियाड वेबसाइट की Support Desk पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**संरक्षक**

प्रो. श्रीनिवास वरखेडी
कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

**सहयोग**

श्री अनुज शर्मा, सीईओ एवं फाउण्डर, लिटिल गुरु

**संयोजकगण**

प्रो. कुलदीप शर्मा, के.सं.वि., जयपुर परिसर
डॉ. अमृता कौर, के.सं.वि., नई दिल्ली

सभी स्तरों की पाठ्यसामग्री की PDF डाउनलोड करने के लिए कृपया स्केन करें।

सहायतार्थ email : support@sanskritolympiad.in
अधिक विवरण के लिए देखें www.sanskritolympiad.in

प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी
कुलपति
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान,
शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के अधीन)

Central Sanskrit University
Established by an Act of Parliament
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan,
Under Ministry of Education, Govt. of India)

दिनांक : 17/07/2023

फा.सं. 8-1/के.सं.वि./एस.डब्लयू./2023/कौशल विकास//1657

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिवार की ओर से सादर नमस्कार!**

जैसा कि विदित है कि संस्कृत भाषा के संवर्धन एवं सम्पोषण के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय सदैव तत्पर रहा है। मुझे यह ज्ञापित करते हुए अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तथा लिटिल गुरु संस्था के संयुक्त तत्त्वावधान में '**संस्कृत सप्ताह - २०२३**' के अन्तर्गत दिनांक 03 सितम्बर, 2023 (रविवार) को सायं 04 बजे प्रथम ऑनलाइन '**संस्कृत ओलम्पियाड**' का आयोजन किया जाना है।

संस्कृत-ओलम्पियाड के लिए दिनांक 10 जुलाई, 2023 से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण के लिए लिंक उपलब्ध रहेगा। पंजीकरण के साथ ही वेबसाइट पर उपलब्ध पाठ्यक्रम के आधार पर प्रतिभागी छात्र ओलम्पियाड के लिए अपने अपने कक्षा-स्तर अथवा आयुवर्ग के अनुसार तैयारी आरम्भ कर सकते हैं। इससे संस्कृत भाषा के प्रति छात्रों के न केवल रुचि-वृद्धि होगी, साथ ही वे संस्कृत भाषा में दक्षता भी प्राप्त कर सकेंगे।

इस आयोजन में अधोलिखित विवरणानुसार विभिन्न स्तरों पर छात्रों की प्रतिभागिता होनी है-

| क्र.सं. | **कक्षा-स्तर अथवा आयु-वर्ग** |
|---|---|
| 1. | **कक्षा ०६ से ०८** अथवा 08 से 12 वर्ष |
| 2. | **कक्षा ०९ से १२** अथवा 12 से 18 वर्ष |
| 3. | **स्नातक स्तर** (शास्त्री, B.A., शिक्षाशास्त्री इत्यादि) अथवा 18 से 23 वर्ष |
| 4. | **स्नातकोत्तर स्तर** (आचार्य, शिक्षाचार्य, विद्यावारिधि इत्यादि) अथवा 20 वर्ष से अधिक |

विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस (15 अक्टूबर) के उपलक्ष्य पर विजेता छात्रों को संस्था स्तर पर, राज्य स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर यथोचित पदक/पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। किसी संस्था से 100 से अधिक छात्रों का पंजीकरण करवाने पर संस्था/सम्बद्ध शिक्षक को भी सारस्वत उपहार दिए जाने की योजना है। अधिक संख्या में पंजीकरण के लिए छात्रों के विवरण के साथ संस्कृत ओलम्पियाड के वेबपेज की Helpdesk पर सीधे सम्पर्क किया जा सकता है। आपके संज्ञानार्थ इस पत्र के साथ पाठ्यक्रम भी प्रेषित किया जा रहा है।

आपके द्वारा संचालित या आपके विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय जिनमें संस्कृत भाषा का अध्ययन किया जाता है एवं सुप्रतिष्ठित रहे है। अतः आपसे सादर अनुरोध है कि संस्कृत-ओलम्पियाड में अपनी संस्था के अधिकाधिक छात्रों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने की कृपा करें।

सादर धन्यवाद,
सम्पर्कसूत्र 1. प्रो. कुलदीप शर्मा (9610422233)
2. डॉ. अमृता कौर (8233464446)

भवदीय

(प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी)
कुलपति

प्रतिष्ठा में,

**प्राचार्य,**
**शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी विद्यालय**